न्यायालय उपखंड अधिकारी
पदेन सहायक कलक्टर
करेड़ा (भीलवाड़ा)

55

प्रकरण सं. 107 / 2019 प्रार्थना पत्र

श्री लच्छुराम कुम्हार बनाम 1–श्यामलाल कुम्हार वगै0।

दिनांक 30.12.2019.

पत्रावली पेश हुई। वकील उभयपक्ष उपस्थित। पत्रावली में उभयपक्ष अधिवक्ता की बहस समायत की गई। वकील प्रार्थी ने बहस में निवेदन किया कि ग्राम निम्बाहेड़ा जाटान पटवार हल्का निम्बाहेड़ा जाटान् भू अभिलेख निरीक्षक निम्बाहेड़ा जाटान तहसील करेड़ा स्थित आ0नं0 539 रकबा 1.00 बीघा भूमि प्रार्थी व विपक्षी सं0 26 लगायत 37 के नाम पर दर्ज रेकार्ड है। आ0नं0 539 में आने–जाने का एक मात्र रास्ता देवगढ से करेड़ा जाने वाले आम रोड़ से होकर विपक्षी सं0 1 लगायत 25 की आ0नं0 536 व 538 व प्रार्थी व विपक्षीगण की शामलाती आराजी चाह नं. 537 से होकर प्रार्थना पत्र की चरण सं0 1 में वर्णित आराजी नंबर 539 में से 20 फीट नया रास्ता दिलाने का आदेश प्रदान करावे एवं उक्त कायम किये गये नये रास्ते को राजस्व रेकार्ड (नक्शे) में दर्ज किये जाने का आदेश प्रदान करावे तथा इसके लिये सरकार द्वारा निर्धारित मुआवजे की राशि का भुगतान हेतु प्रार्थी तैयार है। प्रकरण में विपक्षी सं. 1 से 7 की ओर से वकील विपक्षी ने बहस में जवाब में वर्णित कथनो का दौहराते हुये निवेदन किया कि आ0नं0 531 गै.मु.रास्ते से होते हुये आ0नं0 534 जो स्वयं प्रार्थी की है में से होकर आ0नं0 539 आते जाते है। मौके पर प्रार्थी की आराजियात पर आने जाने का रास्ता विद्यमान है। इस कारण प्रार्थी विपक्षीगण की आराजियात में से नये सिरे से रास्ता लेने का अधिकारी नहीं है। मौके के अनुसार पूर्व से ही रास्ता उपलब्ध होने से प्रार्थी का प्रार्थना पत्र चलने योग्य नहीं होकर खारिज योग्य है। अन्य विपक्षीगण सं0 8 से 37 के अनुपस्थित रहने से उनके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही पूर्व में हो चुकी है। तहसीलदार करेड़ा की प्राप्त रिपोर्ट के अवलोकन से ग्राम निम्बाहेड़ा जाटान की आ0नं0 531 रकबा 0.10 बीघा गै0मु0 रास्ता बिलानाम दर्ज रिकार्ड है। इस रास्ते से लगी प्रार्थी की आ0नं0 534 एवं 539 वादी लच्छूराम व उनके भाईयों के सामलाती में दर्ज रेकार्ड है। आ0नं0 539 में जाने के लिये आ0नं0 531 एवं 534 में होकर जा सकते है।

उपखंड अधिकारी पदेन
सहायक कलक्टर करेड़ा

Scanned by CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Mahipal Singh
Date: 2020.03.03 17:08:18 IST
Reason: SelfAttested